# मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद

MMC 72.　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Dated 01-09-2026

## सूचना

सभी शिक्षण स्टाफ को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कक्षाएँ सुचारू रूप से प्रारम्भ हो चुकी हैं।

जो विद्यार्थी आपकी कक्षा में लगातार अनुपस्थित रहते हैं, उनके अभिभावकों को **पोस्टकार्ड के माध्यम से अनुपस्थिति की सूचना** अपने स्तर पर भेजना सुनिश्चित करें। पोस्टकार्ड **श्री राज कमल, क्लर्क** से प्राप्त किए जा सकते हैं।

यदि आपके द्वारा किए गए इस प्रयास के बाद भी संबंधित विद्यार्थी कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होता है, तो ऐसे विद्यार्थियों की सूचना Exam. Branch में **(श्री राज कमल) को** 15 सितम्बर से 20 सितम्बर 2026 तक **अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाएँ**, ताकि महाविद्यालय के नियमों के अनुसार उसका नाम महाविद्यालय से काटने की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

अतः सभी शिक्षण स्टाफ से अनुरोध है कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु इस संबंध में गंभीरता एवं तत्परता से कार्य करें।

**प्राचार्य**
**मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद**

# मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद

## जरूरी सूचना

दिनांक.........................

आदरणीय अभिभावकगण,

नमस्कार !

आपको सूचित किया जाता है कि आपका सुपुत्र/सुपुत्री ............ ................................................कक्षा.............................मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद का विद्यार्थी है। पिछले कुछ दिनों से वह मेरे विषय...................की कक्षाओं में लगातार अनुपस्थित रह रहा/रही है। विद्यार्थी की लगातार अनुपस्थिति के कारण उसकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नियमित कक्षाओं में उपस्थिति विद्यार्थी के शैक्षणिक विकास के लिए आवश्यक है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने सुपुत्र/सुपुत्री को निर्देश दें कि वह तत्काल कॉलेज में उपस्थित होकर संबंधित प्राध्यापक से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करे तथा नियमित रूप से सभी कक्षाओं में उपस्थित रहे।

आपको यह भी सूचित किया जाता है किआवश्यक न्यूनतम उपस्थिति पूरी न होने की स्थिति में विद्यार्थी को विश्वविद्यालय/ कॉलेज के नियमों के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने में कठिनाई हो सकती है तथा उसका नाम कॉलेज से भी काटा जा सकता है। ऐसी स्थिति के लिए विद्यार्थी एवं अभिभावक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अतः आपसे अपेक्षा है कि आप इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अपने सुपुत्र/सुपुत्री की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय,

हस्ताक्षर .........................

प्राध्यापक का नाम ..........................

विभाग.........................

मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद